# नियत कार्य

बी.एड. कार्यक्रम

शिक्षा विद्यापीठ

इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली– 110068

प्रथम वर्ष

(2025–2026)

## नियत कार्य
## बी.एड. प्रथम वर्ष
## (2025–2026)

### बी.ई.एस.–121 बाल्यावस्था एवं विकास

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. विपरीत परिस्थितियों में बच्चों के बढ़ते हुए अनुभवों की परिचर्चा कीजिए। एक शिक्षक को ऐसे बच्चों के साथ किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए?

2. कक्षाकक्ष अनुसन्धान के अर्थ की व्याख्या कीजिए। एक शिक्षक के रूप में उन विविध उपकरणों की परिचर्चा कीजिए जिनका प्रयोग आप कक्षाकक्ष में सामान्य समस्याओं का पता लगाने के लिए करेंगे।

3. बाल अधिकारों के रक्षण में अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों द्वारा अदा की गई भूमिका का परीक्षण कीजिए। इस सन्दर्भ में कौन से क्षेत्र हैं जिन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है? परिचर्चा कीजिए।

### बी.ई.एस.–122 समकालीन भारत और शिक्षा

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. भारत में शिक्षा के लिए विविध संवैधानिक प्रावधानों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए। निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के लिए कौन से प्रावधान बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करते हैं? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

2. प्लेटो और जॉन डिवी के शैक्षिक दर्शन में उपयुक्त उदाहरणों द्वारा तुलना कीजिए और वैषम्य दर्शाइये। वर्तमान शैक्षिक परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए।

3. विद्यालय पाठ्यचर्या में विशिष्ट पाठ्यचर्या–संबंधी मुद्दों का परीक्षण कीजिए। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए मुद्दों को किस प्रकार सम्बोधित किया जा सकता है? अपने स्वयं के विचारों से इसे सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

### बी.ई.एस.–123 अधिगम और शिक्षण

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. अभिप्रेरणा क्या है? अभिप्रेरणा के विविध उपागमों की व्याख्या कीजिए और अधिगम में इसकी भूमिका की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।

2. आध्यात्मिक लब्धि (एस.क्यू.) क्या है? सांवेगिक लब्धि (ई.क्यू.) और बुद्धि लब्धि (आई.क्यू.) से इसके सम्बन्ध की व्याख्या कीजिए।

3. अपनी पसन्द के एक शीर्षक की पहचान करते हुए जिस पर कि आप क्रियात्मक अनुसन्धान सम्पादित कर सकें, एक क्रियात्मक अनुसन्धान प्रस्ताव तैयार कीजिए।

**बी.ई.एस.–124 पाठ्यचर्या पर्यन्त भाषा**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. कक्षाकक्ष अन्तःक्रिया किस प्रकार भाषा अधिगम को आगे ले जाती है? विभिन्न प्रकार की कक्षाकक्ष अन्तःक्रियाओं की परिचर्चा कीजिए।

2. 'भाषा अधिगम का आधार है'। आप विशेष रूप से जिस शास्त्र का शिक्षण करते हैं उसके भाषा अधिगम को सहज बनाने के लिए आप जिन रणनीतियों का प्रयोग करेंगे उनके उदाहरणों की सहायता से इस कथन का सविस्तार प्रतिपादन कीजिए।

3. स्व–आकलन और समूह–आकलन (पीयर–असेसमेंट) में क्या अन्तर है? माध्यमिक स्तर पर आप जिस विषय का शिक्षण करते हैं उसमें लिखित कार्यों के स्व–आकलन के लिए एक रूब्रिक विकसित कीजिए।

**बी.ई.एस.–125 शास्त्रों एवं विषयों की समझ**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. शास्त्र की अवधारणा और विशिष्टताओं की व्याख्या कीजिए। शास्त्रों के विभिन्न रूपों की उपयुक्त उदाहरणों द्वारा परिचर्चा कीजिए।

2. शास्त्रों के विभिन्न परिप्रेक्ष्यों का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए।

3. शिक्षार्थी–केन्द्रित शिक्षण शास्त्र क्या है? ज्ञान के निर्माण के लिए शिक्षार्थी–केन्द्रित शिक्षणशास्त्र शिक्षार्थियों की किस प्रकार सहायता करता है?

**बी.ई.एस.–141 विज्ञान शिक्षण**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. विज्ञान की प्रकृति के बारे में सामान्य मिथक क्या हैं? इन मिथकों/बातों पर विजय प्राप्त करने के लिए आप अपने शिक्षार्थी की किस प्रकार सहायता करेंगे? किन्हीं दो मिथकों/बातों के लिए उदाहरण देते हुए व्याख्या कीजिए।

2. विज्ञान शिक्षण–अधिगम में अधिगम संसाधनों के महत्व की परिचर्चा कीजिए। अपने विद्यालय में विज्ञान के लिए आप किस प्रकार अधिगम संसाधन केन्द्र विकसित करेंगे? सोदाहरण व्याख्या कीजिए।

3. अपनी रूचि के एक शीर्षक का चयन कीजिए और प्रत्येक क्षेत्र अर्थात् ज्ञान, समझ और अनुप्रयोग पर चार परीक्षण विषय लेते हुए इसके लिए लब्धि परीक्षण का निर्माण कीजिए।

**बी.ई.एस.–142 सामाजिक विज्ञान शिक्षण**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. सामाजिक विज्ञान के अर्थ और प्रकृति की व्याख्या कीजिए। माध्यमिक विद्यालय स्तर पर सामाजिक विज्ञान शिक्षण के विविध उपागमों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

2. प्राकृतिक संसाधनों के प्रकारों और उनके वितरण का संक्षेप में वर्णन कीजिए। उसी विषय–वस्तु के शिक्षण के लिए एक शिक्षण–अधिगम रणनीति तैयार कीजिए।

3.माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान का शिक्षण करते समय एक समस्या की पहचान कीजिए जिसका कि सामना आपने किया है। आप क्रियात्मक अनुसन्धान के माध्यम से समस्या का समाधान किस प्रकार कर सकते हैं? वर्णन कीजिए।

**बी.ई.एस.–143 गणित शिक्षण**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग 500 शब्दों में) दीजिए।

1. अनुमान (कन्जेक्चर) और प्रति उदाहरण (काउन्टर इक्जाम्पल) के अर्थ की सोदाहरण व्याख्या कीजिए। गणित अधिगम को प्रोत्साहित करने के लिए आप अनुमानों (कन्जेक्चर्स) का प्रयोग किस तरह से कर सकते हैं?

2. गणित अधिगम में आई.सी.टी. की आवश्यकता, महत्व और प्रयोग की परिचर्चा कीजिए। गणित के प्रभावी शिक्षण–अधिगम के लिए मीडिया के चयन में विचारणीय कारकों की व्याख्या कीजिए।

3. कक्षाकक्ष शिक्षण के 5–ई. प्रतिमानों (5 Es मॉडल) के विविध चरणों की परिचर्चा कीजिए ं माध्यमिक कक्षा गणित की पाठ्यपुस्तक से अपनी पसन्द के एक शीर्षक का चयन कीजिए और 5–ई (5 Es) उपागम पर आधारित एक पाठ योजना विकसित कीजिए।

**BES 144 PEDAGOGY OF ENGLISH**

Answer the following Questions in about 500 words each

1. Are the strategies used by learners actively engaged in the construction of knowledge? As a teacher how will you support these strategies?
2. Discuss the ways in which the teacher can create a natural learning environment for the development of writing skills. Give examples to substantiate your answer.
3. What is the difference between pre-listening, while -listening and post-listening activities? Set up one activity to test each of these stages.

**बी.ई.एस 145 भाषा शिक्षण**

प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 500 लगभग शब्दों में दीजिए।

1. माध्यमिक स्तर पर कहानी शिक्षण के महत्व, उद्देश्य तथा शिक्षण प्रक्रिया समझाइये। उपन्यास शिक्षण, कहानी शिक्षण से किस प्रकार भिन्न है? स्पष्ट कीजिए।
2. मौखिक अभिव्यक्ति कौशल की विशेषताएं बताइये और मौखिक अभिव्यक्ति के विकाश की शिक्षण-अधिगम विधियों की चर्चा कीजिए।
3. क्रियात्मक शोध क्या है? शिक्षण अभ्यास के दौरान आपके द्वारा किए गए क्रियात्मक शोध का विस्तृत वर्णन प्रस्तुत कीजिए।